हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 1 अक्टूबर 2025
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 यूपी के श्रद्धालुओं के साथ हुई मारपीट...



07 भरत मिलाप व सीता हरण की लीला का भव्य मंचन



### परंपरानुसार नगर की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए होगा हवन

# शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन आस्था के आंगन से होगी मां की विदाई आज





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

शारदीय नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन नवमी पर्व पर बुधवार को मां बगलामुखी मंदिर पर विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ मां के समक्ष परंपरा अनुसार होने वाला हवन तथा ज्वारे की बाड़ी का विसर्जन कार्यक्रम होगा। मंगलवार को अष्टमी पर्व पर माता मंदिर पर भक्तों की भीड़ लगी रही प्रदेश सहित देश के कई स्थानों से माता भक्त मां बगलामुखी के दर्शन हेतु पहुंचे। जहां उनके द्वारा परिवार में सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना के साथ अपनी मनोवांछित फल की प्राप्ति हेतु हवन करवाए गए। वहीं नगर सहित अंचल व जिले के कई स्थानों से चुनर लेकर भी भक्त पहुंचे जहां उनके द्वारा मां के चरणों में चुनर समर्पित की गई।

शारदीय नवरात्रि पर्व के दिनों में विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में माता भक्त मां के प्रति अपनी आस्था के चलते मंदिर पर पहुंचे जहां उन्होंने माता रानी के मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर अपनी मनोकामना मां के समक्ष रखी। मंगलवार को अष्टमी पर्व होने से माता मंदिर पर हजारों की संख्या में भक्तों का आना जाना सुबह से देर शाम तक लगा रहा विशेष पर्व तिथि होने से मां के गर्भगृह के साथ पूरे दरबार को आकर्षक रूप से विभिन्न पुष्पों के माध्यम से सजाया गया था। वही माता रानी का भी भव्य व मनोहरी श्रृंगार किया गया था। बुधवार को पर्व का अंतिम दिन नवमी पर सुबह से देर रात्रि तक परंपरा अनुसार विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे जिसमें प्रातः कालीन आरती के साथ मंदिर के पुजारी परिवार द्वारा हवन किया जाएगा।

वहीं परंपरा अनुसार नगर के गामोठ परिवार द्वारा माता रानी की प्रथम पूजा अर्चना की जाएगी। देर शाम नगर के पटेल परिवार द्वारा नगर की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर माता के समक्ष हवन किया जाएगा। इसके पश्चात माता की मंगला आरती होगी तथा मां के समक्ष घटस्थापना के साथ बोए गए ज्वारे की बाड़ी पुजारी गोपालदासजी पंडा द्वारा उठाई जाकर मंदिर के पीछे स्थित लखुंदर नदी पर ज्वारे का विधि विधान के साथ विसर्जन व लखुंदर मैया की आरती की जाएगी।

### महाअष्टमी पर बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे माता मंदिर



### माता प्रतिमाओं को चल समारोह के रूप में विसर्जन को ले जाएंगे भक्त

नवरात्रि पर्व पर नगर के विभिन्न स्थानों पर माता प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी जहां पर पर्व के अंतिम दिन नवमी पर आस्था के आंगन से माता की विदाई होगी। भक्त माता प्रतिमाओं को पूजा अर्चना व आरती कर प्रतिमाओं को चल समारोह के रूप में विसर्जन हेतु लखुंदर नदी तट पर पहुंचेंगे जहां विधि विधान के साथ इन प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा वहीं सभी स्थानों पर जहां प्रतिमाएं विराजित की गई थी वहां पर आयोजकों द्वारा कन्या भोज व पूजन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है।

### महाअष्टमी पर मां महागौरी के स्वरूप के साथ निकाली प्रभातफेरी



नलखेड़ा। नगर में श्रीराम संकीर्तन यात्रा मंडल द्वारा अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित प्रारंभ की प्रभातफेरी आज भी लगातार निकाली जा रही है। प्रतिदिन ब्रह्ममुहूर्त में प्रातः 5.30 बजे से प्रारंभ होने वाली प्रभातफेरी में भक्त प्रत्येक पर्व भी मनाते हैं। शारदीय नवरात्रि में प्रथम दिन से प्रतिदिन माता दुर्गा के अलग अलग स्वरूप के साथ प्रभातफेरी निकाली जा रही है। नवरात्रि के आठवे दिन महाअष्टमी को प्रभातफेरी दुर्गा के आठवे स्वरूप मां महागौरी के स्वरूप के साथ निकाली गई। एक बालिका मां महागौरी के स्वरूप में आगे आगे चल रही थी एवं भक्त माता रानी के भजन गाते नाचते हुए चल रहे थे। नवरात्रि पर्व के दौरान प्रतिदिन प्रभातफेरी मां बगलामुखी मंदिर भी पहुंच रही है जहां शामिल भक्त माता के भजनों की प्रस्तुति देने के साथ ही गरबा कर भक्ति में रमते हैं।

# महाअष्टमी पर हुआ एक हजार कन्याओं का भोज व कन्या पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा




महाअष्टमी के अवसर पर मंगलवार को मां बगलामुखी मंदिर के समीप पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में एक हजार कन्याओं का भोज व पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। नवरात्रि में प्रतिदिन भंडारा परिसर में भंडारा प्रारंभ होने के पूर्व कन्या भोज व कन्या पूजन होता है। इसी कड़ी में मंगलवार को महाअष्टमी के अवसर पर प्रातः 10 बजे एक हजार से अधिक कन्याओं का भोज एवं कन्या पूजन किया गया। कन्या भोज में व्रत अथवा उपवास वाली कन्याओं को अलग से फरियाली परोसा गया। कन्या पूजन उपरांत सभी कन्याओं को उपहार भेंट किए गए। इस दौरान समिति सदस्य, नगरवासी व बाहर से आए भक्तों द्वारा कन्या पूजन का लाभ लिया गया।

### कन्या भोज व पैर पूजन आज



शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन नवमीं पर पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित भंडारा परिसर में कन्या पूजन व कन्या भोज का आयोजन रखा गया है। जिसमें सभी कन्याओं के पैर पूजकर उन्हें भोजन करवाया जाएगा जिसके उपरांत उन्हें उपहार भेंट किए जाएंगे। नवरात्रि के अंतिम दिन आज बुधवार को पंद्रह सौ से अधिक कन्याओं का कन्या भोज कार्यक्रम होगा।

# टिकोन धाम दरबार में पहुंचे मंत्री परमार, दर्शन कर लिया आशीर्वाद



नलखेड़ा। नवरात्रि पर्व के दौरान सोमवार को प्रदेश सरकार के मंत्री इंदर सिंह परमार व राजगढ़ क्षेत्र के सांसद रोडमल नागर क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा रामदेव धाम टिकोन पहुंचे। जहां उन्होंने बाबा के दर्शनकर गुरु शिवनारायण पाटीदार से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंत्री परमार व नागर का गुरुजी ने स्वागत किया।



# मां हिंगलाज देवी मठ में हुआ कन्या भोजन का आयोजन

कानड़। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व की महाअष्टमी तिथि को नगर के पचलाना रोड ठाकुर मोहल्ला स्थित माँ हिंगलाज देवी मठ में विराजित 51 शक्ति पीठ माँ हिंगलाज देवी माता मंदिर पर माँ हिंगलाज देवी की विशेष पूजा,श्रृंगार कर यज्ञ की आहुति दी गई। महा अष्टमी बुधवार को सुबह मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पंडित प्रेमनारायण त्रिवेदी द्वारा यज्ञ संपन्न करवाया गया।

यज्ञ की पूर्णाहुति तराना से आए जूना अखाड़ा महंत मुकेशानंद भारती व चतुर्वेदी परिवार के सदस्य एवं माता रानी के भक्तों द्वारा यज्ञ में पूर्णाहुति दी गई। पूर्णाहुति के बाद आशीष चतुर्वेदी व मनोहर चतुर्वेदी व द्वारा माँ हिंगलाज देवी की आरती की गई। आरती के पश्चात सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया एवं माँ हिंगलाज देवी मठ प्रांगण में कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें कन्याओं ने भोजन के रूप में प्रसादी ग्रहण की।





# मां काली के वेशभूषा में किया गरबा रास


### मनमोहक प्रस्तुति के साथ हुआ गरबा महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

नवरात्रि पर्व पर मां बिजासन माता मंदिर प्रांगण से सटे नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय गरबा नृत्य महोत्सव का सप्तमी पर मनमोहक प्रस्तुति के साथ मां बिंजासन मंदिर प्रांगण में समापन हुआ।

सात दिवसीय गरबा नृत्य महोत्सव का रंग दिन प्रतिदिन चढ़ता रहा इस गरबा नृत्य में बढ़ चढ़कर बालिकाओं और युवतियों ने हिस्सा लिया। मां बिजासन महिला भक्त मंडल द्वारा नवरात्र गरबा नृत्य महोत्सव आयोजित किया गया। सात दिनों तक मां बिजासन गरबा महिला मंडल ग्रुप की युवतियों एवं नगर की युवतियों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य के साथ देवी भजनों एवं लोक संस्कृति की अनूठी जुगलबंदी के साथ मनमोहक गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। गरबा महोत्सव के आखिरी दिन मां माता परिसर में मां बिजासन परिसर में कल रात का नजारा कुछ अलग ही रहा। बिजासन माता मंदिर प्रांगण में गरबा नृत्य कर रही युवतियों ने मां कालका के स्वरूप धारण कर प्रस्तुति दी। मां कालका के वेशभूषा और श्रृंगार को देख ऐसा लगा मानो भक्तो ने साक्षात देवी के दर्शन किए बालिकाओ की प्रस्तुति पर माता के जयकारे गूंज उठे और उनकी कला को लोगों ने काफी सराहा। गरबा महोत्सव के समापन पर बड़ी संख्या में महिलाएं सहित पुरूष बच्चे और बुजुर्ग गरबा देखने पहुंचे।





# साँई का कुश्ती में हुआ राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन



नलखेड़ा। नगर के सामाजिक कार्यकर्ता अनिल श्रीवास्तव के पुत्र साँई श्रीवास्तव द्वारा विद्या भारती द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता बने। अब उनका चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। कुश्ती के खिलाड़ी साँई ने विद्या भारती द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 86 किलो भार समूह में। फ्री स्टाइल कुश्ती में स्वर्ण पदक जीतकर नगर का गौरव बढ़ाया है। सरस्वती विद्या मंदिर मारूतीगंज उज्जैन के छात्र साँई का चयन अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। साँई की इस सफलता पर गणमान्य नागरिकों खेल प्रेमियों व इष्टमित्रों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### नगर की सुख समृद्धि की कामना को लेकर पटेल परिवार द्वारा आज किया जाएगा हवन

नलखेड़ा। सदियों से चली आ रही परंपरा अनुसार नवमीं पर कस्बा पटेल परिवार द्वारा मां बगलामुखी मंदिर पर नगर की सुख समृद्धि की मंगलकामना को लेकर हवन किया जाएगा। कस्बा पटेल प्रेमनारायण वेदिया, पूर्व विधायक फूलचंद वेदिया ने बताया कि पटेल परिवार द्वारा नगर की सुख समृद्धि के लिए सदियों से शारदीय नवरात्रि की नवमी पर मां बगलामुखी मंदिर पर हवन किया जा रहा है। जिसका उल्लेख ग्वालियर स्टेट के दस्तावेजों में भी दर्ज है। उन्होंने बताया कि ग्वालियर स्टेट के समय मंदिर की व्यवस्था के लिए 16 रुपये भी मिलते थे। उस समय बिजली नहीं होने से मशाल जलाकर उसके प्रकाश में हवन किया जाता था। वेदिया ने बताया कि परम्परानुसार हवन की पूर्णाहुति के बाद बाड़ी उठती है, जिसका लखुंदर नदी में विसर्जन के बाद वापसी के दौरान मार्ग में आने वाले सभी मंदिरों में पूजा की जाती है। खेड़ापति हनुमान की पूजा के बाद समीप स्थित मां चामुंडा की महाआरती कर उनसे भी नगर की सुख समृद्धि की कामना की जाती है।

### समाजजनों ने नगर में निकाली शोभायात्रा, महिला मंडलों के साथ बालिका मंडल भी शामिल रहीं

# समवशरण महामंडल विधान के नौ दिवसीय आयोजन की पूर्णाहुति















हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय दिगंबर जैन समाज में 22 सितंबर से नौ दिवसीय समवशरण महामंडल विधान पूजन व विश्व शांति महायज्ञ का धार्मिक कार्यक्रम चल रहा था। जिसकी पूर्णाहुति विश्व शांति महायज्ञ के साथ हुई। जैन समाजजनों द्वारा इस अवसर पर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें परमात्मा को कलात्मक रथ में विराजित किया गया था। वहीं सौधर्म इंद्र गजराज पर विराजित होकर शोभायात्रा में शामिल रहे।

दिगंबर जैन समाज में मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज सा. ससंघ की प्रेरणा व पावन निश्रा में आचार्य भगवंत विराग सागर महाराज के दिव्य आशीष व आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के आशीर्वाद से विराग विवर्धन चातुर्मास समिति तथा दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में 22 सितंबर से नौ दिवसीय समवशरण महामंडल विधान पूजन व विश्व शांति महायज्ञ का धार्मिक कार्यक्रम चल रहा था। धार्मिक आयोजन के तहत मंगलवार को प्रातःकाल चौक बाजार स्थित त्यागी भवन में श्रीजी का अभिषेक, शांति धारा, विधान महार्चना, नित नियम पूजन कार्यक्रम के साथ मंडल विधान की पूर्णाहुति पर विश्व शांति महायज्ञ हुआ। सभी धार्मिक कार्यक्रम विधानाचार्य व राजगुरु प्रतिष्ठाचार्य पं. पवन जैन दीवान सागर द्वारा विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ संपन्न करवायें गये। तत्पश्चात नगर में परमात्मा की भव्याति भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें महोत्सव के मुख्य पात्र के रूप में पूजन में बैठे सौधर्म इंद्र- इंद्राणी मनीष कुमार प्रेमचंद गोधा परिवार गजराज पर विराजित होकर शोभायात्रा में शामिल रहा। वहीं महोत्सव के अन्य इंद्र-इंद्राणी भी इस चल समारोह की शोभा बड़ा रहे थे।

शोभायात्रा में समाज की विभिन्न महिला मंडलों के साथ बालिका मंडल भी अपने-अपने ड्रेस कोड में धार्मिक भजनों पर विभिन्न प्रस्तुतियां देती हुई शामिल थी। शोभायात्रा में लकड़ी के कलात्मक रथ पर श्रीजी को विराजित कर लाभार्थी परिवार बैठे हुए थे। स्थान-स्थान पर समाजजनों द्वारा श्रीजी की अगवानी कर आरती की गई। परमात्मा के इस रथ को समाजजन अपने हाथों से खींचते हुए चल रहे थे। बैंड पर बज रहे धार्मिक भजनों पर समाज का युवा वर्ग नाचते-थिरकते चल रहा था। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नगर सहित अन्य स्थानों से आए समाजजनों के साथ ही मुनि श्री विवर्धन सागर महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराज सा. ससंघ चल रहे थे। प्रमुख मार्ग से होकर शोभायात्रा पुनः त्यागी भवन पर पहुंची। जहां समापन कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात जैन धर्मशाला में नेमीचंद प्रेमचंद गोधा परिवार की ओर से स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम रखा गया। समवशरण महामंडल विधान के इस धार्मिक आयोजन के तहत त्यागी भवन में प्रतिदिन रात्रि 6:30 बजे से महा आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भोपाल की टीम द्वारा दी जा रही थी।

खबर संक्षेप

## विजयादशमी पर संचलन में 100 से अधिक वाहिनियां रहेंगी मौजूद

**देवास।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा देवास नगर में श्री विजयादशमी उत्सव पर प्रतिवर्ष निकाला जाने वाला पारंपरिक पथ संचलन इस वर्ष 2 अक्टूबर, गुरुवार को दशहरा मैदान पुलिस लाइन से निकाला जाएगा। इस विजयादशमी उत्सव में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक डॉ गिरीश मालवीय एवं मुख्य वक्ता मध्य क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक स्वप्निल कुलकर्णी रहेंगे। इस वर्ष संघ स्थापना के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं, संघ के शताब्दी वर्ष के आयोजन इस विजयादशमी उत्सव से प्रारंभ होंगे। देवास नगर के इस पथ संचलन का स्वरूप इस वर्ष विराट रहने वाला है, विगत कुछ वर्षों से देवास नगर में संचलन बस्तीशः निकाले जाते रहे है, इस वर्ष पूरे देवास नगर का एक ही संचलन निकलेगा, जिसमें सभी 32 बस्तियों के हजारों स्वयंसेवक सम्मिलित होंगे। ध्वज वाहिनी, घोष वाहिनीयों सहित सौ से अधिक वाहिनियो में हजारों स्वयंसेवकों का यह संचलन चार किलोमीटर से अधिक लंबा रहने वाला है जो नगर के प्रमुख मार्गों को तय करेगा। संचलन पुलिस लाइन दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर वर्तमान मीना बाजार के पास से राधागंज के बी.एन.पी.रोड से राम-कृष्ण चौराहा होते हुए भोपाल चौराहा,नाहर दरवाजा,नयापुरा,जनता बैंक,सुभाष चौक,नावेल्टी चौराहा, तहसील चौराहा,नगर निगम कार्यालय, लाल गेट से स्टेशन रोड की ओर मुडक़र गजरा गियर चौराहा,गायत्री मंदिर से पुनः पुलिस लाइन दशहरा मैदान पहुंचेगा। शताब्दी वर्ष पर निकलने वाला यह संचलन पंच परिवर्तन के विषयों सामाजिक समरसता,कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण,नागरिक कर्तव्य एवं स्व के भाव के जागरण पर केंद्रित रहेगा।

### माता टेकरी पर जाने अवैध पार्किंग वसूली को लेकर विवाद, पांच लोगों पर केस

# यूपी के श्रद्धालुओं के साथ हुई मारपीट पुलिस ने शिकायत पर की कार्रवाई

### प्रशासन ने सख्त कार्रवाई कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर की, वही निगम अमले ने अवैध दुकानों को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के प्रसिद्ध माता टेकरी मंदिर के दर्शन के लिए आए उत्तर प्रदेश के श्रद्धालुओं के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला मंगलवार को सामने आया। घटना स्टेशन रोड क्षेत्र में हुई, जहां अवैध पार्किंग और प्रसादी के नाम पर पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ। श्रद्धालुओं के साथ हुई मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है। पीड़ितों ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### श्रद्धालुओं की शिकायत पर एफआईआर

उत्तरप्रदेश के औरैया जिले से आए ज्योतिरादित्य त्रिपाठी ने बताया कि वे 30 सितंबर को दोपहर करीब 2 बजे अपने परिवार के साथ माता टेकरी दर्शन करने आए थे। स्टेशन रोड पर अचानक एक युवक उनकी कार के सामने आ गया, जिससे उसे मामूली खरोंच आई। इसके बाद वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और उनके परिवार से अभद्र व्यवहार किया। त्रिपाठी ने कहा कि उन्होंने लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन भीड़ ने उन पर हमला कर दिया। इसी दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बचाया। इसके बाद वे सीधे कोतवाली थाने पहुंचे और शिकायत दी।

### अवैध पार्किंग और वसूली

एक अन्य श्रद्धालु बृजेश दुबे ने बताया कि टेकरी गेट पर एक महिला ने उन्हें वाहन पार्क करने के लिए कहा। उन्होंने वहां पार्किंग की और पैसे देकर प्रसादी ली। दर्शन के बाद लौटते समय स्थानीय लोगों ने उनसे दुर्व्यवहार किया और धक्कामुक्की की। दुबे ने कहा कि टेकरी क्षेत्र में अवैध वसूली हो रही है, जिस पर प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। श्रद्धालु शशांक ने भी शिकायत में कहा कि उनसे पार्किंग के नाम पर 100 रुपए और प्रसादी के लिए अलग से पैसे मांगे गए। उन्होंने इस व्यवहार को देवास की छवि के लिए शर्मनाक बताया।





### पुलिस ने पांच लोगों पर की कार्रवाई

कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने बताया कि स्टेशन रोड स्थित इंडियन बैंक के सामने अवैध पार्किंग और प्रसादी के नाम पर हुए विवाद में यूपी से आए श्रद्धालुओं से कुछ लोगों ने मारपीट की। मामले की जांच में पाया गया कि श्रद्धालुओं की कोई गलती नहीं थी। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के संबंध में दो महिलाओं सहित पांच लोगों पर शांतिभंग की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए अन्य संदिग्धों की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### निगम अमले ने हटाई अवैध दुकानें

एफआईआर के बाद मंगलवार शाम को घटनास्थल पहुंचा और अवैध दुकानों को हटाने की कार्रवाई की। निगम अमले ने अस्थाई रूप से बनी चार से पांच दुकानों को हटाया। निगम अमला प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि विवाद के बाद कार्रवाई कर तीन से चार दुकानें हटाई गई है।

# सिरोल्या की तलाई में डूबे युवक का शव मिला

### नहाने के दौरान हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के बरोठा थाना क्षेत्र में सिरोल्या और धामंदा मार्ग पर स्थित एक तलाई में सोमवार शाम एक युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक अपने दोस्त के साथ नहाने गया था, तभी यह हादसा हुआ।जानकारी अनुसार, सोमवार शाम करीब 6 बजे दो दोस्त तलाई में नहाने गए थे। इसी दौरान एक युवक गहरे पानी में चला गया और संतुलन बिगड़ने से डूब गया। उसके दोस्त ने आसपास के ग्रामीणों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचित किया। देर शाम घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।मृतक की पहचान मल्हार कॉलोनी, आड़ी पट्टी निवासी 24 वर्षीय बबलू पिता मोहन कल्याणे के रूप में हुई है। बबलू के डूबने के बाद रात भर शव को खोजने के लिए सर्च अभियान चलाया गया। रात होने पर सर्चिंग रोक दी गई। मंगलवार सुबह सर्चिंग शुरू हुई तो शव बरामद हुआ। शव कोपोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है।परिजनों ने बताया कि बबलू के साथ उसका एक दोस्त भी था, जो उसी के पड़ोस में रहता है, लेकिन घटना के बाद से वह फरार है। मृतक बबलू मजदूरी का काम करता था। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि मृतक और उसका दोस्त किस काम से शहर से गांव गए थे और दोस्त क्यों फरार हुआ है।

### बच्चों ने नर्सिंग अवतार की झांकी प्रस्तुत की



**चापडा।** नगर के बाजार पट्टी मां अंबिका चौक मंदिर पर नगरवासियों के सहयोग से नवरात्रि पर्व उत्सव मनाया जा रहा है। जहां पर प्रतिदिन बालिकाओं द्वारा गरबा किया जा रहा है। साथ ही नगर के स्कूलों के बच्चों द्वारा प्रस्तुतियां दी जा रही है। सोमवार शाम को नगर के प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें मां काली एवं भगवान नरसिंह अवतार की झांकी प्रस्तुत की गई। बच्चों की प्रस्तुतियों को देख हर कोई उत्साहित नजर आया। बड़ी संख्या में नगरवासी इस कार्यक्रम को देखने पहुंचे। इसी दौरान अरिहंत पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा संत प्रेमानंद महाराज की झांकी प्रस्तुत की गई। इस दौरान समिति की ओर से स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत किया गया। साथ ही मां अंबिका की आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। नवदुर्गा युवा उत्सव समिति के तत्वावधान विगत कई वर्षों से यहां पर नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है।

# नेता की गुंडागर्दीः मामूली विवाद में कर डाली हवाई फायरिंग, आठ लोगों पर मामला हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा





नगर के थाना क्षेत्र के गांव महुड़ी में मंगलवार को उससमय सनसनी फैल गई जब गाड़ी निकालने के मामूली विवाद में भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री व परिवार वालों ने एक के बाद एक ताबड़तोड़ कई हवाई फायर कर दिए। फायरिंग वाहन निकालने की मामूली बात पर हुई कहासुनी के मामले में की गई हालांकि गनीमत रहीं कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद 8 आरोपियों पर केस दर्ज करके जांच शुरू की है। भौरासा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी विजय सिंह धाकड़ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि सोमवार रात को दशरथ सिंह धाकड़ के बेटे पृथ्वीराज ने गाड़ी निकालने की बात को लेकर गाली गलौज की थी। विवाद ज्यादा ना बढ़े इसको लेकर मंगलवार को हम लोग चर्चा करने के लिए मंदिर पृथ्वीराज के पिता दशरथ सिंह से मिलने पहुंचे। उस दौरान वह पूजा कर रहे थे इसी दौरान उसके भाई लाखन व सूरज आए तो हमने उनसे कहा कि विवाद ना बढ़े इसलिए बैठकर चर्चा कर लेते हैं।इसी दौरान राजवीर और पृथ्वीराज आ गए इनमें से एक ने अपने हाथ में पिस्टल ले रखी थी व दूसरे के हाथ में कट्टे जैसा हथियार था। गाली गलौज करते हुए दोनों ने हवाई फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान लकी नाम का आरोपित 12 बोर की बंदूक लेकर आ गया और दशरथ सिंह उसे लेकर घूमते फिरते हुए गाली-गलौज करने लगा। बाद में दशरथ ने अपने बेटे राजवीर से पिस्टल लेकर हवाई फायर किए।मामले में पुलिस ने आरोपित भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री दशरथ सिंह धाकड़, उसके भाई लाखन व सूरज सिंह धाकड़, दशरथ के बेटे राजवीर, पृथ्वीराज धाकड़ युवराज धाकड़ सहित परिवार के ही लक्की धाकड़ और रवि धाकड़ पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। टीआई प्रीति कटारे ने बताया आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**पोरवाल महिला मंडल करेगी पथ संचलन का स्वागतः** देवास। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा देवास नगर में विजयादशमी उत्सव पर निकलने वाले पारंपरिक पथ संचलन का पोरवाल महिला मण्डल की मातृशक्तियों द्वारा स्वागत किया जाएगा। मण्डल की दुर्गा पोरवाल ने बताया कि 2 अक्टूबर, गुरुवार को दशहरा मैदान पुलिस लाइन से निकलने वाले भव्य एवं दिव्य चल समारोह का गजरा गियर्स चौराहे पर मंच लगाकर पुष्पवर्षा से स्वागत किया।

# स्कूल में नवरात्र महोत्सव के साथ हुआ कन्या पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



किड्ज पैलेस स्कूल, चापड़ा में नवरात्र महोत्सव बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई चुनरी यात्रा से हुई, जिसमें माता रानी को चुनरी अर्पित की गई। इस अवसर पर नौ बालिकाओं ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का सजीव रूप धारण किया। इन कन्याओं का पूजन ग्राम सरपंच नाथू सिंह सेंधव द्वारा विधिवत रूप से किया गया। उन्होंने कन्याओं को तिलक कर, चरण धोकर और भोग अर्पित करते हुए नारी शक्ति के सम्मान का संदेश दिया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय संचालक के राहुल सेंधव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को नवरात्रि के धार्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व आत्मबल, भक्ति, अनुशासन और नारी सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों को केवल दर्शक बनाना नहीं है, बल्कि उन्हें सक्रिय सहभागी बनाकर उन्हें संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों से गहराई से जोड़ना है। सेंधव ने यह भी कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और सांस्कृतिक जागरूकता देना विद्यालय की प्राथमिकता है। इस आयोजन के माध्यम से न सिर्फ बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला, बल्कि उनमें सहयोग, नेतृत्व और अनुशासन की भावना का भी विकास हुआ।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कक्षा अनुसार रंग-बिरंगे गरबा नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं श्री अंबे रामायण मंडल, चापड़ा द्वारा भक्ति-रस से ओतप्रोत भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। बच्चों ने 'महिषासुर वध' पर आधारित एक प्रभावशाली नाट्य मंचन प्रस्तुत किया जो धर्म और अधर्म के संघर्ष को जीवंत रूप में दर्शाता है। इसके पश्चात राम, लक्ष्मण और हनुमान के रूप में सजे छात्रों द्वारा रावण दहन किया गया जो बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक रहा।

### उप संचालक स्वास्थ्य ने स्वास्थ्य संस्थाओं में सेवा पखवाड़ा अभियान का किया निरीक्षण

# अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ बनाए रखनाः डॉ. तंवर






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान प्रारम्भ किया गया है। जिले मे कलेक्टर ऋजुराज सिंह के मार्गदर्शन में "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" सेवा सप्ताह पखवाड़े का आयोजन 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। अभियान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर, मातृ एवं शिशु देखभाल हेतु जन-जागरूकता संबंधित गतिविधियां, जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन पर सत्र का आयोजन, निक्षय मित्र नामांकन आयुष्मान कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र सहित रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सेवा सप्ताह पखवाड़े के अंतर्गत जिले में आयोजित कार्यक्रम ओर प्रदाय सेवाओं के अवलोकन व निरीक्षण के लिए भोपाल से उपसंचालक डॉ. रितेश तंवर ने मंगलवार को जिले की स्वास्थ्य संस्था उपस्वास्थ्य केन्द्र राजोदा, खटाम्बा और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भोंरासा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीपीएम कामाक्षी दुबे, डीसीएम ओमप्रकाश मालवीय सहित संस्था के चिकित्सक ,सीएचओ, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

डॉ.तंवर ने कार्यक्रम अधिकारियों ,चिकित्सको ,स्टॉफ से चर्चा कर ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और स्वच्छता उत्सव के तहत अनेक गतिविधियों के क्रियान्वयन और उपलब्धि की जानकारी ली रिकार्ड देखा और कहा कि अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ बनाए रखना, परिवार में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित मातृत्व और पोषण पर विशेष ध्यान देना है।

स्वास्थ्य शिविरो में निरन्तर स्क्रीनिंग करने और नियमित फॉलोअप लेकर उपचार करने और रिकार्ड निर्धारित पोर्टल पर समय पर उपलोड करने और आगामी निर्धारित कार्यक्रम का क्रियान्वयन उत्साह पूर्वक करने के निर्देश दिए।सीएमएचओ डॉ. बेक अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों में अब तक 01 लाख 29 हजार 502 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण स्क्रीनिंग की गयी। जिसमें 9 हजार 809 महिलाओं के खून की जॉच की गयी 1075 हाई रिस्क महिलाओं का चिन्हांकन ,एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत स्क्रीनिंग में 59 हजार 263 उच्च रक्तचाप जॉच, 59 हजार 956 शूगर की जॉच, 38 हजार 559 मुख केन्सर, 25 हजार 404 स्तन केन्सर, 02 हजार 318 सर्वाईकल केन्सर टी.बी. मुक्त कार्यक्रम अंतर्गत 23 हजार 480 टी.बी.स्क्रीनिंग, 5 हजार 488 बच्चों का टीकाकरण किया गया, 513 व्यक्तियों की सिकल सेल एनिमिया स्क्रीनिंग, रक्तदान शिविर में 439 व्यक्तियों ने रक्तदान किया, 8395 व्यक्तियों की अन्य बिमारियों की जॉच व उपचार किया गया।

पोषण और देखभाल पर के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में परामर्श सत्र आयोजित किए गए। मासिक धर्म स्वच्छता पर किशोरियों को परामर्श दिया गया, एमसीपी कार्ड का वितरण किया जिसमें प्रसवपूर्व देखभाल, प्रसव, प्रसवोत्तर देखभाल और बाल टीकाकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी रिकॉर्ड की जा रही है।

# पुलिस सहायता केंद्र पर हुआ कन्या भोज




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नवरात्रि पर्व के चलते मंगलवार के दिन पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा पर पुलिस थाना कमलापुर प्रभारी उपेंद्र नाहर एवं केंद्र प्रभारी राकेश नरवरिया द्वारा अष्टमी के अवसर पर कन्या भोजन का आयोजन किया गया। इस दौरान मां अंबिका का पूजन अर्चना करने के बाद कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी एवं केंद्र प्रभारी द्वारा कन्याओं को भोजन परोसा गया। साथ ही भोजन के पश्चात तिलक लगाकर कन्या पूजन किया गया।

उपेंद्र नाहर एवं राकेश नरवरिया ने बताया है कि नवरात्रि के दौरान कन्या भोजन का आयोजन करना पुण्य का कार्य है, और इसी के चलते पूरे स्टाफ के सहयोग से यहां पर कन्या भोजन का आयोजन किया गया और कन्याओं का पूजन किया गया। बड़ी संख्या में श्याम नगर,चापडा की कन्याओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की।

## खबर संक्षेप

### वाहन की टक्कर से युवक घायल, केस दर्ज

**ललितपुर।** थाना बार अंतर्गत ग्राम नगारा में रहने वाले आकाश पुत्र प्रकाश नारायण ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि सोमवार 29 सितम्बर को अपराह्न करीब 12 बजे वह तुवन मंदिर से एनएमव्ही कॉलेज जा रहा था। तभी रास्ते में लल्लू-डब्बू पेट्रोल पम्प के पास विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही गाड़ी संख्या यू.पी.94 ए.टी. 0488 जिसका चालक बालकिशन कुशवाहा ने गाड़ी संख्यया यू.पी. 94 ए.जे. 8083 को सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके शरीर में काफी चोट आयीं और गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गयी। आरोप है कि उक्त व्यक्ति टक्कर मारकर भाग गया, फिर पीछा करते हुये उसके भाई मुकेश ने गल्ला मण्डी के अंदर पकड़ ली, जो कि कोतवाली के समक्ष रख दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### महामना एक्सप्रेस से मोबाइल-नकदी पर्स चोरी

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना बीना क्षेत्र के हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में रहने वाली गीता विश्वकर्मा पत्नी विश्वनाथ ने जीआरपी ललितपुर पुलिस को बताया कि वह 2 सितम्बर 2025 को ट्रेन संख्या 22164 महामना एक्सप्रेस के कोच संख्या डी-1 की सीट संख्या 34 पर रेलवे स्टेशन ललितपुर से बीना की यात्रा कर रही थी। यात्रा के दौरान रेलवे स्टेशन ललितपुर से ट्रेन चलने के 2 मिनिट बाद उसने देखा तो उसका नीले रंग का पर्स गायब था। बताया कि पर्स के अंदर एक 15 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन, 600 रुपये नकद था, जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। जीआरपी ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### फसल निकालने से मना करने पर कर दी मारपीट

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम जखौरा में रहने वाले रामकिशोर पुत्र दसई ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते सोमवार को शाम करीब 6.40 बजे उसके खेत में बोई सोयाबीन की फसल को गांव के लल्लू पुत्र दीपचंद्र, छत्ते पुत्र खरगे और बहादुर पुत्र खेमचंद्र अपना ट्रैक्टर चलाकर फसल निकाल रहे हैं। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचा और उसने इसका विरोध किया। आरोप है कि उक्त लोगों ने गालियां देने का विरोध करने पर मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।


### टीकमगढ़ जा रहे युवक को रास्ते में रोककर पीटा

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत अंतर्गत कस्बा बिरधा में रहने वाले ऋषि कुमार पुत्र बृजेश कुमार ने महरौनी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 29 सितम्बर को अपराह्न करीब 2.15 बजे वह बिरधा से टीकमगढ़ जाने के लिए जा रहा था। आरोप है कि दोनों ने उसे गालियां दीं और विरोध करने पर लात-घूसों से मारपीट कर दी। हमलावरों ने उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। आरोप है कि पुरानी रंजिश मानते हुये उक्त हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## श्री लक्ष्मीनृसिंह मंदिर तालाबपुरा के तत्वावधान में आठवें दिवस की कथा

# भरत मिलाप व सीता हरण की लीला का भव्य मंचन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्री लक्ष्मीनृसिंह मंदिर तालाबपुरा के तत्वावधान में चल रही ऐतिहासिक रामलीला के आठवें दिवस में वृंदावन के श्री निकुंज बिहारी रासलीला मंडल द्वारा भरत मिलाप एवं सीता हरण की मनमोहक लीला का मंचन किया गया। लीला आरंभ से पूर्व पारंपरिक कोरस गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिसने दर्शकों को भक्ति रस में भावविभोर कर दिया।

लीला के प्रथम दृश्य में भरत जी की ननिहाल से अयोध्या वापसी और वहां पर घटित घटनाओं का मंचन किया गया। भरत को जब यह ज्ञात हुआ कि कैकेयी की जिद के कारण भगवान श्रीराम को वनवास हुआ है, तो वे अत्यंत दुखी हुए। उन्होंने माता कैकेयी को कठोर शब्दों में धिक्कारा और राजगद्दी पर बैठने से इंकार कर दिया। भरत ने कहा कि अयोध्या की गद्दी पर श्रीराम का ही अधिकार है। इसके बाद वे समस्त अयोध्यावासियों के साथ भगवान राम को वन से वापस लाने गए, किंतु जब भगवान श्रीराम लौटे नहीं, तब वे उनकी खड़ाऊं लेकर अयोध्या लौटे और उन्हें सिंहासन पर विराजमान कर स्वयं राम के प्रतिनिधि के रूप में राजकाज संभाला। यह प्रसंग भ्रातृत्व, आदर्श और धर्मनिष्ठा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। द्वितीय दृश्य में भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी के वनवास का प्रसंग दिखाया गया। राम कुटी के बाहर विश्राम कर रहे थे, तभी वहाँ सूर्पनखा आ पहुँची। प्रभु श्रीराम को देखकर वह उन पर मोहित हो गई और विवाह का प्रस्ताव रखा। श्रीराम ने उसे लक्ष्मण जी के पास भेज दिया। लक्ष्मण द्वारा मना करने पर सूर्पनखा हठ करने लगी, जिस पर लक्ष्मण जी ने क्रोधित होकर उसके नाक-कान काट दिए। तृतीय दृश्य में सूर्पनखा अपने भाई रावण के पास पहुँची और अपने अपमान की कथा सुनाई। इससे रावण क्रोधित हो उठा। उसने अपने मामा मारीच के साथ योजना बनाई और मारीच को स्वर्ण मृग का रूप धारण कर भगवान राम की कुटिया के पास भेजा। माता सीता उस मृग को देखकर मोहित हो गईं और भगवान राम से उसे लाने का आग्रह किया।

श्रीराम मृग का पीछा करने वन में चले गए। काफी समय बाद भी जब वे वापस नहीं आए, तब मारीच के ₹हा लक्ष्मण₹ कहने पर माता सीता चिंतित हो उठीं। सीता के आग्रह पर लक्ष्मण जी प्रभु की खोज में चले गए, परंतु जाने से पूर्व उन्होंने कुटिया के बाहर लक्ष्मण रेखा खींच दी और माता सीता से उसे न लांघने का अनुरोध किया। लक्ष्मण के जाते ही रावण साधु का वेश धारण कर आया और भिक्षा मांगी। भिक्षा देने के लिए जैसे ही माता सीता लक्ष्मण रेखा पार करती हैं, रावण अपने वास्तविक रूप में आकर उनका हरण कर लंका ले जाता है। लीला के समापन पर भगवान श्रीराम की आरती संपन्न हुई और मंचन को विराम दिया गया।

### कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे

*महंत गंगादास महाराज, पुजारी मोहनदास महाराज, सदर विधायक राम रतन कुशवाहा, मुख्य विकास अधिकारी एस एन चौहान, अनिल यादव, सुभाष जायसवाल, प्रदीप चौबे, रामेश्वर प्रसाद सडैया, बब्बू राजा बुंदेला, वीके सरदार, अजय तिवारी नीलू, धर्मेन्द्र रावत, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव कुमार बबेले, पत्रकार विजय जैन कल्लू, संजय ड्योडिया, भगवत नारायण वाजपेयी, राव राजा, अशोक पटैरिया, विलास पटैरिया, उदित रावत, हाकिम सिंह, कमलेश चौधरी, अजय पटैरिया, निखिल तिवारी, कौस्तुभ चौबे, बांबी राजा, राजेन्द्र वाजपेयी, मनीष विश्वकर्मा, मनीष सडैया, हदेश हुडैत, विवेक सडैया, हरीशंकर साहू, राजू यादव, चंद्रशेखर राठौर, सुरेश श्रीवास्तव, अजय नायक, प्रभाकर शर्मा, अजय तोमर, करुणाकर शर्मा, बाबू अभिषेक निरंजन, छक्की लाल साहू, संजू श्रोती,धर्मेन्द्र यादव, अनुज दीक्षित, डॉ. विक्रांत तोमर, कल्लू तिवारी, जगदीश पाठक, अरविंद संज्ञा, मुकेश गुप्ता, हरनाम सिंह तोमर, रंजीत राजा, वरिष्ठ अधिवक्ता रामकृष्ण कुशवाहा, अमित राठौर, अशीष तिवारी, चंदे साहू, प्रेम बिहारी श्रीवास्तव, रानू राजा, राकेश बिहारी वैध एवं मीडिया प्रभारी पंकज रायकवार आदि।*

### पात्र एवं कलाकार

*मंडल श्री निकुंज बिहारी रासलीला मंडल, वृंदावन के निर्देशक स्वामी कुंज बिहारी शर्मा की भूमिका ,भगवान राम का अनुज कुमार, लक्ष्मण पुडरीक शर्मा, जानकी विष्णु शर्मा, भरत मोनू शर्मा, शत्रुघ्न छेल बिहारी ,केकई कमलेश शर्मा, केवट राजेंद्र प्रसाद, निषाद राज चंद्रशेखर कौशिक, सुमंत का हरिप्रसाद, रावण का हरिओम शर्मा ,खर-दूषण का चंद्रशेखर कौशिक, भरतलाल शर्मा, मारीच राजेंद्र शर्मा, सूर्पनखा कमलेश शर्मा, वही संगीतकार गोपाल प्रसाद, बृजेश कुमार, प्रदीप कुमार, हरिओम शर्मा, हरिप्रसाद।*

## मिशन शक्ति फेज- 5.0 तैयारी बताई

# महरौनी कोतवाली का एसपी ने किया औचक निरीक्षण




**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने थाना महरौनी का आकस्मिक निरीक्षण करते हुये थाना परिसर, मिशन शक्ति केन्द्र, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को निर्देश दिये। थाना कार्यालय/मिशन शक्ति केन्द्र के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रख-रखाव, थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने और थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने के लिए भी कहा। माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही व थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधी व हिस्ट्रीशीटर की सतत निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व मिशन शक्ति टीम को निरंतर थाना क्षेत्र स्कूल, कॉलेज, पार्कों में भ्रमण करने और शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करने के निर्देश दिये। नवरात्रि व आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया। नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक थाना महरौनी को थाना क्षेत्र में स्थापित दुर्गा पण्डाल, प्रतिमा का नियमित रूप से भ्रमण व पुलिस बल की ड्यूटियां चेक कर, आयोजकों से संवाद कर समस्याओं के बारे में जानकारी की जाये तथा त्यौहार को शान्ति पूर्वक संपन्न कराने हेतु सुरक्षा व शांति व्यवस्था से संबंधित ब्रीफ किया। एसपी ने थाना क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चौराहों, सराफा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि जगहों पर पेट्रोलिंग के निर्देश दिये। लूट, चोरी, छिनैती आदि प्रकार की घटनाओं के पूर्व अपराधियों का भौतिक सत्यापन कर उनके विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रभारी निरीक्षक महरौनी को निर्देश दिये कि बीट प्रणाली को मजबूत करने हेतु स्वयं बीट कर्मचारियों को उनके बीट क्षेत्रों में किये कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करें। यह भी निर्देशित किया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराने के लिए चेकिंग करें और बिना हेल्मेट, शराब पीकर, फर्राटे भरने वाले आदि की जांच करें।

# सांसद शर्मा से मिले वरिष्ठ नागरिक



**ललितपुर।** वरिष्ठ नागरिक दिवस की पूर्व संध्या पर वरिष्ठ नागरिक समिति के पदाधिकारी से झांसी ललितपुर के सांसद पंडित अनुराग शर्मा से ललितपुर प्रवास पर मिले और उन्हें वरिष्ठ नागरिक दिवस पर अपने कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु आमंत्रित किया तथा जनपद स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।

जिसमें मुख्य समस्या विगत दो वर्ष पहले वरिष्ठ नागरिक भवन हेतु जिलाधिकारी ने अपनी बैठक में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को लिखित रूप से भवन तैयार कर आवंटन हेतु निर्देशित किया था साथ ही नगर में सड़कों की दुर्दशा पर एवं विद्युत की आपूर्ति में अव्यवस्थाओं पर शीघ्र निस्तारण हेतु कहा था, किंतु आज की स्थिति भी दो वर्ष पूर्व जैसी ही है ना तो नगर बैठक मेंपालिका के माध्यम से भवन प्राप्त हुआ है और ना ही सड़कों की और विद्युत की व्यवस्थाएं सुधरी हैं। सांसद ने वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं शीघ्र ही निस्तारित कराकर भवन हेतु नगर पालिका अधिशासी अधिकारी से तत्काल कार्यवाही हेतु कहां है ' समिति के महासचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी ने वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं एक ज्ञापन के रूप मेंसांसद जी को सोप कर तुरंत निस्तारण की मांग की। बैठक में पंडित प्रताप नारायण दीक्षित गंधर्व सिंह लोधी जयशंकर प्रसाद द्विवेदी राजा राम गोस्वामी गिरजा शंकर दुबे अरुण कुमार बबेले प्रकाश नारायण देवलिया अशोक कुमार स्वर्णकार अवध बिहारी कौशिक अवध बिहारी उपाध्याय बृजमोहन संज्ञा आत्माराम रिछारिया कृष्णकांत सोनी जगदीश प्रसाद पाराशर राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव प्रीतम लाल विश्वकर्मा आदि सदस्य उपस्थित थे। 1 अक्टूबर को वरिष्ठ नागरिक दिवस पर समिति की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता पंडित लखनलाल शर्मा को एवं प्रदेश के श्रेष्ठतम चित्रकार पूर्व राजपत्रित अधिकारी पंडित ओमप्रकाश बिरथरे की माता जी को जीवन पर्यंत जनपद में श्रेष्ठ कार्यों हेतु उनके निवास पर जाकर सम्मानित करने का प्रस्ताव पारित किया। अक्टूबर मास की मासिक बैठक 1 अक्टूबर को कचहरी प्रांगण के श्री हनुमान मंदिर पर शाम 4:00 बजे संपन्न होगी सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी से उपस्थित रहने का अनुरोध किया।

### भारतीय जनता पार्टी की शोक सभा संपन्न

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला चुनाव कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन के चाचा शिखर चंद्र जैन सलौनिया महरोनी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। एवं पवित्र आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना कर दो मिनट का मौन रखा गया।शोक व्यक्त करने बालों में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डा अनिल यादव,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, पूर्व अध्यक्ष गण प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, जगदीश सिंह लोधी एड, रमेश कुमार सिंह लोधी एड, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गण सुभाष जायसवाल, रमेश कुमार खटीक, श्रीमती रजनी साहू,चन्द्रशेखर पंथ जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पाठक, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, सुरेन्द्र प्रताप सिंह रजक, विशाल रावत, ईं पुनीत पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## शासन से 13 करोड़ 49 लाख 66 हजार रुपए हुए स्वीकृत

# तहसील स्तर पर नए फायर स्टेशन बनेंगे

**ललितपुर।** यह जिला लगभग 5039 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला है। वर्तमान में केवल एकमात्र ललितपुर मुख्यालय फायर स्टेशन पर निर्भर है। यह केन्द्र पूर्व में 70 किमी, पश्चिम में 75 किमी, उत्तर में 65 किमी और दक्षिण दिशा में लगभग 110 किमी दूर तक की आपात सेवाएं प्रदान करता है। इस अत्यधिक दूरी के कारण दूरस्थ क्षेत्रों में समय पर सहायता पहुंचना कठिन हो जाता है। वर्ष 2025 में अब तक जनपद में 500 अग्निकाण्ड और 23 जीवन रक्षक कॉल दर्ज किए गए हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए जनपद में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार की आवश्यकता को गंभीरता से समझा गया। जनपद ललितपुर में अग्निशमन सेवाओं का विस्तार मुख्य अग्निशमन अधिकारी के प्रयासों के फलस्वरूप न केवल तहसील स्तर पर नए फायर स्टेशनों की स्थापना को शासन की स्वीकृति प्राप्त हुई है, बल्कि ब्लॉक स्तर पर भी भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही प्रचलित कर दी गई है।



### यह बताए गए प्रमुख बिंदु

मुख्यालय फायर स्टेशन शासनादेश संख्या 466/2021/6-7099/42/2021-0-7 गृह पुलिस अनुभाग-7, लखनऊ 25 जून 2021 द्वारा 13 करोड़ 49 लाख 66 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई। निर्माण कार्य का शिलान्यास 09 सितम्बर 2021 को किया गया। प्रशासनिक भवन 17.06.2023 को हस्तांतरित तथा 15-नग टाइप बी आवासीय ब्लॉक 09 अप्रैल 2025 को हस्तांतरित हो चुके हैं। शेष 16-नग टाइप बी आवासीय ब्लॉक, टाइप-4 एवं 3 नया टाइप ए आवासीय भवनों का निर्माण कार्य प्रचलित है। नई तहसीलों में स्वीकृत फायर स्टेशन- मौजूदा समय में ही महरौनी, मड़ावरा, तालबेहट एवं पाली तहसीलों में फायर स्टेशन खोले जाने हेतु शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य हेतु नामित किया गया है। ब्लॉक स्तर पर विस्तार- शासन की योजना के क्रम में जनपद के प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर फायर स्टेशन खोले जाने हेतु कार्यवाही प्रगति पर है। इसी क्रम में जखौरा एवं बिरधा ब्लॉकों में उपयुक्त भूमि चिन्हित कर अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। आने वाले समय में तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर नवनिर्मित फायर स्टेशन आगजनी की घटनाओं पर नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन में मील का पत्थर साबित होंगे।

## शराब की बिक्री करने वाली सेल्समैन को किया पुलिस के हवाले

# अवैध शराब कारोबार के खिलाफ गांववालों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ग्राम कल्याणपूरा में देशी शराब अनुज्ञापी अवधेश राय की देशी दुकान की दुकान है जिस पर दुकान की सेल्समैन को मलिक ने बताए पते पर अवैध शराब की 10 पेटी लेकर खिरियाछतारा गांव में अवैध बिक्री करने ले जा रहा था। सेल्समैन को गांव बालों ने घेरा पकड़ लिया और पुलिस अधीक्षक से फोन कर पुलिस फोर्स बुलाकर पुलिस को हिरासत में पकड़ा दिया। अब पुलिस करेगी बड़ी कार्यवाही।

कल्यानपुरा देशी शराब अनुज्ञापी अवधेश राय निवासी ग्राम बिरारी के द्वारा सालों से कर रहा अवैध शराब का कारोबार बिरारी गांव में कराता है चार स्थलों पर अवैध बिक्री पुलिस और आबकारी की मिली भगत से चल रहीं थी गांव के राजपूत समाज नौजवानों ने इस फल फूल रहे अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने का मन बना लिया है जिसका उदाहरण पुलिस अधीक्षक द्वारा शराब का पकड़वाया जाना है राजपूत समाज के नौजवानों ने संकल्प लिया गया अब गांव में अवैध शराब का व्यापार नहीं होने दिया जाएगा। गांव वाले का कहना पुलिस कड़ी से कड़ी कार्यवाही नहीं करेगी तो ग्रामवासी बड़ा आंदोलन करेंगे।

### जालपा देवी मंदिर से पीतल के घंटे चोरी

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट अन्तर्गत मोहल्ला बरियापुरा में रहने वाले सुनील रैकवार पुत्र प्रकाश ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका किले के अंदर जालपा देवी का मंदिर है, जिसमें वह मंदिर की देख-रेख एवं सुबह-शाम की आरती के साथ साफ-सफाई करता है। बताया कि बीती 28 सितम्बर को वह प्रतिदिन की भांति साफ-सफाई और आरती करने के लिए गया तो मंदिर में लगे पीतल के दो घण्टे दिखाई नहीं दिये। दोनों घण्टों में एक का वजन करीब 4-5 किलोग्राम व दूसरे का वजन करीब ड़ेढ़-दो किलो का था। तब उसने आसपास की जगह जाकर देखा तो घण्टा नहीं मिला। सुनील रैकवार ने बताया कि जालपा मंदिर के घण्टे रेन्ज ऑफिस के पास चौबयाना निवासी प्रिंस रजक पुत्र मोहर सिंह, खांदी के मजरा वीआईपी निवासी रामकिशोर उर्फ भज्जू कुशवाहा पुत्र रामप्रसाद चोरी कर ले गये हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्रिंस रजक व रामकिशोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 (डी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### आज न्यायालयों में किया गया अवकाश घोषित

**ललितपुर।** जनपद न्यायाधीश नरेन्द्र कुमार झां ने अवगत कराया है कि बार एसोशियेशन अध्यक्ष द्वारा 1 अक्टूबर को दुर्गा नवमीं पर अवकाश घोषित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्ताव को लेकर अधीनस्थ न्यायालयों के उपयोग हेतु वर्ष 2025 के कलैण्डर, जिसमें टिप्पणी क्रमांक 07 के अनुसार यदि कोई राष्ट्रीय अथवा अन्य अवकाश द्वितीय शनिवार अथवा रविवार को पड़ता है तो जनपद न्यायाधीश उसके स्थान पर अतिरिक्त दिवस को अवकाश के रूप में घोषित कर सकते है तथा टिप्पणी क्रमांक-08 के अनुसार जनपद न्यायालयों में कार्य दिवस एक वर्ष में 265 दिन से कम नहीं रहेगा। प्रभारी मुख्य प्रशसानिक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या 29 सितम्बर 2025 के अनुसार जनपद न्यायालय ललितपुर में वर्तमान में 267 दिनों का कार्यदिवस है। अतएव उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा निर्गत निर्देशों के अन्तर्गत एवं बार एसोशियेशन अध्यक्ष ने प्रस्तुत प्रस्ताव के आलोक में रामनवमी 06 अप्रैल 2025 (रविवार) के एवज में 01 अक्टूबर 2025 (बुधवार) को मुख्यालय ललितपुर, तहसील महरौनी एवं तहसील तालबेहट में अधोहस्ताक्षरी के अधीन समस्त न्यायालयों एवं कार्यालयों में स्थानीय अवकाश घोषित किया जाला है। 01 को नियत पत्रावलियां अगले कार्यदिवस को नियत होगी।

## नपाध्यक्ष उप चुनाव में राजनैतिक दलों का अंकगणित और स्थानीय समीकरण तेज

# राजनैतिक दलों में उथल-पुथल, प्रचार-प्रसार के लिए दशहरे का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका परिषद के उप चुनाव की रणभेरी बजते ही राजनैतिक दलों की गतिविधियां बढ़ गयीं हैं। गत दिवस सत्तादल भाजपा की प्रत्याशी सोनाली जैन का नामांकन दाखिल कराने के लिए प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी, सांसद अनुराग शर्मा, राज्यमंत्री मनोहरलाल व विधायक रामरतन कुशवाहा को मैदान में आना पड़ा तो वहीं उत्तर प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी व कांग्रेस की गठबंधन प्रत्याशी नीलम चौबे का नामांकन दाखिल कराने के लिए पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, जिला प्रभारी कुं.मुकुट सिंह समेत भारी संख्या में शीर्ष नेता मौजूद रहे। वहीं निर्दलीय प्रत्याशियों के रूप में सपा के पुराने कार्यकर्ता रामदास श्रोतीय की धर्मपत्नी अनुपमा श्रोती, कांग्रेस से निष्कासित नेता हरीबाबू शर्मा की धर्मपत्नी अरूणा शर्मा, नाजरीन, आम आदमी पार्टी की महिला नेता मीना राजा और लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास) समर्थित प्रत्याशी सूबी संजय जैन चिगलौआ ने भी अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। हालांकि अब प्रचार-प्रसार के लिए दशहरा तक का इंतजार किया जा रहा है। इसके पहले प्रत्याशी, उसके परिजन, शुभचिंतक और समर्थक अलग-अलग स्थानों पर जाकर चर्चाओं का माहौल बना रहे हैं।




### क्या कहते हैं भाजपा के समीकरण

नपा अध्यक्ष पद के लिए संचालित चुनाव को लेकर तमाम प्रकार के समीकरण बनते-बिगड़ते नजर आ रहे हैं। शहर के चौक-चौराहों पर मुख्य राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों को लेकर खूब चर्चाओं का दौर खिंच रहा है। देर रात तक लोगों की चौपालों में उप चुनाव को लेकर ही वार्ता होती नजर आती है। आंकड़ों पर यदि नजर डालें तो भाजपा प्रत्याशी जैन समुदाय से आती हैं और इसी जैन समाज से लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास) समर्थित प्रत्याशी सूबी संजय जैन चिगलौआ ने भी अपना नामाकंन पत्र दाखिल किया है। जैन समुदाय से दो प्रत्याशियों के मैदान में होने से चुनाव कड़ा तो नहीं, लेकिन हां कुछ फर्क तो पड़ेगा।

### सपा कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में नजर आ रहे ब्राह्मण समाज के लोग

*समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन की प्रत्याशी नीलम चौबे के समर्थन में अन्य समाज के लोगों के साथ-साथ ब्राह्मण समाज के लोग नजर आ रहे हैं। लोग तो यहां तक कहने से नहीं चूक रहे हैं कि जिस प्रकार से बिहार में एलओपी राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा निकाली गयी, उससे काफी हद तक गठबंधन प्रत्याशी को मदद मिलेगी। अब देखना होगा कि चुनाव ऊंट किस करवट बैठता है।*

### कड़ी टक्कर दे सकते हैं निर्दलीय प्रत्याशी

*वैसे तो किसी भी चुनाव में अपना पक्ष रखने और पार्टी की नीतियों का सही या गलत का आंकलन करते हुये विरोध या समर्थन करने का अधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा माना जाता है। इसी के तहत वर्तमान में सत्तादल और मुख्य विपक्षी दलों के प्रत्याशियों को चुनावी समर में कूदी निर्दलीय महिला प्रत्याशी भी कड़ी टक्कर में नजर आ रहे हैं। इनमें अधिकांश निर्दलीय प्रत्याशी किसी न किसी राजनैतिक दल से ताल्लुक रखती हैं, जिनका फायदा उठाने का पूरा-पूरा कार्य किये जाने की संभावनाएं बलवती नजर आ रहीं हैं।*

### यह हैं चुनाव प्रक्रियाएं

*अध्यक्ष नगर पालिका परिषद उप निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी हो चुकी है, जिसके अंतर्गत 19 से 29 सितंबर तक नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति, 30 सितंबर को नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा, 03 अक्तूबर को नाम वापसी, 06 अक्तूबर को प्रतीक आवंटन, 15 अक्तूबर को मतदान एवं 17 अक्तूबर को मतगणना निर्धारित है।*

## सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, शव को बाहर निकलवाया

# नेवज नदी में तैरता मिला युवती का शव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सोमवार दोपहर पचोर शहर में उस समय हड़कंप मच गया जब पदमपुरा रोड स्थित नेवज नदी के स्टॉप डेम पर एक युवती का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पहचान कराई। मृतका 20 वर्षीय युवती जाट समुदाय से बताई जा रही है, जो शनिवार रात से ही लापता थी।

परिजनों का कहना है कि युवती घर से अचानक गायब हो गई थी। उन्होंने अपने स्तर पर खोजबीन भी की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसी दौरान मोबाइल की डिटेल के आधार पर शक की सुई अरशद नामक युवक पर गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवती को प्रेमजाल में फंसाया और उसके साथ रेप करने के बाद उसकी हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों से जुड़े नागरिक और कार्यकर्ता अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। परिजनों का आरोप है कि यह मामला लव जिहाद से जुड़ा है, जिसके चलते पूरे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त हो गया है। हालात को देखते हुए पुलिस ने अस्पताल और घटना स्थल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी। वहीं जिन युवकों पर आरोप लगाए गए हैं, उनकी कॉल डिटेल और लोकेशन की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस दर्दनाक वारदात ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। युवती की मौत को लेकर परिजन न्याय की गुहार लगा रहे हैं, वहीं स्थानीय लोग भी घटना से आक्रोशित हैं। शहर में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है, लेकिन पुलिस प्रशासन स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए है।

# सागर जिले के जैसीनगर का नाम बदलने के विरोध में उतरा दांगी समाज

## ऑल इंडिया दांगी क्षत्रिय संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र के जैसीनगर प्रवास के दौरान आयोजित सभा में जैसीनगर का नाम परिवर्तित करते हुए जय शिवनगर करने की घोषणा की थी। जैसीनगर का नाम परिवर्तित किए जाने के विरोध में जिले के दांगी समाज ने रोष जाहिर किया है।

इस बारे में ऑल इंडिया दांगी क्षत्रिय संघ के नेतृत्व में समाज के अनेकों पदाधिकारी सोमवार दोपहर मुख्यालय पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन एसडीएम निधि भारद्वाज को सौंपा। जैसीनगर का नाम जय शिवनगर न करने के पीछे समाजजनों ने बड़ा कारण भी बताया है। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है यह नगर 16वीं-17वीं शताब्दी में दांगी क्षत्रिय वंश के प्रतापी राजा जयसिंह जूदेव द्वारा बसाया गया था। उन्हीं के नाम पर इस नगर का नाम जैसीनगर पड़ा। इस क्षेत्र में दांगी समाज की बहुलता है और उनके द्वारा नामित अनेक एतिहासिक धरोहरें जैसीनगर में विद्यमान हैं जो समाज के गौरवशाली इतिहास एवं विरासत की साक्षी है। ज्ञापन में आगे उल्लेख है कि बिना जनसहभागिता, बिना स्थानीय लोगों की राय लिए इस नगर का नाम बदलने की घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कर दी गई है। अगर ऐसा हुआ तो यह न केवल राजा जयसिंह जूदेव का अपमान है बल्कि दांगी क्षत्रिय समाज के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने वाला कदम है।

### *मुख्यमंत्री अपनी घोषणा को वापस लें*

*ऑल इंडिया दांगी क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक पुरुषोत्तम दांगी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि मुख्यमंत्री को अपनी यह घोषणा वापस लेनी चाहिए। अगर ऐसा न हुआ तो संपूर्ण दांगी समाज इस निर्णय के विरोध में प्रदेशव्यापी आंदोलन, सीएम हाउस का घेराव सहित संवैधानिक तरीके से आंदोलन प्रदर्शन करने पर मजबूर होगा।*

# शताब्दी वर्ष निमित कार्यक्रम स्थल पर भूमि पूजन हुआ



**माचलपुर।** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर विजयदशमी पर्व पर आयोजित पथ संचलन के निमित्त श्री पीपली वाले बालाजी मंदिर पर पूजन अर्चन करने के बाद ध्वज यात्रा को लेकर संघ के स्वयंसेवक सर्राफा मैरिज गार्डन में पहुंचे, जहां शताब्दी वर्ष निमित्त कार्यक्रम स्थल पर भूमि पूजन संपन्न हुआ। जिसमें स्वयंसेवकों व समाज के वरिष्ठ जनो ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। विजयादशमी पथ संचलन को सफल बनाने व भव्यता प्रदान करने के लिए स्वयंसेवकों ने अधिक से अधिक संख्या में गणवेशधारी स्वयंसेवकों को कार्यक्रम स्थल पर उपस्थिति हेतु योजना बनाई गई। साथ ही सकल हिंदू समाज किसी न किसी रूप में कार्यक्रम में सहभागी हो ऐसा आग्रह किया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**सारंगपुर।** रविवार को शहर के समीप सड़क हादसे में 42 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक जगदीश भिलाला पिता सिद्धूलाल घनसौदा में पुताई का काम कर अपने गांव दिग्वाड़ लौट रहा था। इसी दौरान बिलराम चौकी जोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसा करने वाले वाहन और चालक की पहचान की जा रही है। आसपास लगे कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सारंगपुर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का भाजपा सरकार पर हमला

# भारत का लोकतंत्र जनता के अधिकारों के लिए है, और उनके लिए ही चलेगा : पटवारी



**सारंगपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को सारंगपुर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहे जितने भी झूठ बोले और ध्यान भटकाने की साजिश रचे, कांग्रेस अति पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़े समाज को उनका पूरा हक दिलाने के लिए संकल्पित है। पटवारी ने कहा, भारत का लोकतंत्र जनता के अधिकारों के लिए है और उनके लिए ही चलेगा। भाजपा और उसके मित्रों की देश से चोरी हम चलने नहीं देंगे।

पटवारी भोपाल से आगर जिले के नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे, तभी दोपहर करीब 12 बजे आगर नाके पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसी दौरान आयोजित सभा में उन्होंने प्रदेश सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री की भावांतर योजना को किसानों के साथ छल बताया। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में सोयाबीन की फसल ही खराब हो रही है, तो किसानों को इस योजना से क्या लाभ मिलेगा। पटवारी ने सरकार से मांग की कि किसानों को प्रति बीघा 20 हजार रुपए का मुआवजा दिया जाए, तभी वास्तविक राहत मिल पाएगी।

### प्रदेश के किसान लगातार संकट में

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के किसान लगातार संकट में हैं। उन्हें समय पर खाद और बीज नहीं मिल रहा है, जबकि प्राकृतिक आपदाओं ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। प्रदेश सरकार पर उन्होंने किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया। पटवारी ने कहा कि देशभर में गुजरात मॉडल के नाम पर दलितों, पिछड़ों और गरीबों के घर तोड़े जा रहे हैं, जबकि बड़े उद्योगपतियों को हजारों एकड़ जमीन नाममात्र कीमत पर दी जा रही है। उन्होंने गांधीनगर की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि वैध दस्तावेज होने के बावजूद गरीबों के घर उजाड़ दिए गए। पटवारी ने प्रधानमंत्री पर हमला बोलते हुए कहा, बीजेपी को पता है कि वो असली जनादेश से सरकार नहीं बना सकते, इसलिए संस्थाओं पर कब्जा और वोट चोरी कर सत्ता में बने रहते हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी 45 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी है, नौकरियां घट रही हैं और भर्ती प्रक्रियाएं ठप पड़ी हैं। देश का युवा मेहनत करता है, लेकिन सरकार अरबपतियों के मुनाफे में व्यस्त है। पटवारी ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब देश को बेरोजगारी और वोट चोरी से मुक्त करना सबसे बड़ी देशभक्ति है। कार्यक्रम के बाद जीतू पटवारी नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, प्रदीप जैन, डॉ. हेमेंद्र सोलंकी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद लोदी, पूर्व अध्यक्ष समीर मेव, मुस्ताक अंसारी, शेख मुशर्रफ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर परिषद में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**जीरापुर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नगर परिषद में कार्यरत कर्मचारी और जन सेवकों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें पहला सुख निरोगी काया उत्तम स्वास्थ्य ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है इसलिए मनुष्य को सर्वप्रथम अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए( हम स्वस्थ रहें इसके लिए हमारा खान पान संयमित और दिनचर्या नियमित होना चाहिए क्योंकि स्वस्थ व्यक्ति देश के प्रति अपने कर्तव्य को अच्छे से निभा सकते हैं। नगर परिषद सभा कक्ष में शासकीय अस्पताल के डॉ आजम शेख मोहित जैन बजरंग सिंह मनीष मालवीय एलकार सिंह और टीम द्वारा कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर हेल्थ संबंधी टिप्स दिए गए। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा रमेशचंद्र नाथ देवनारायण दांगी रमेश मालवीय ओंकार मंडलोई कमल भावसार भगवान सिंह परिहार राहुल दांगी राम दांगी राकेश मंडलोई और समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भारतीय संस्कृति, सभ्यता संस्कारों के तहत डांडिया नाइट व रावण दहन का आयोजन

# एक दिवसीय नवरात्रा पर्व का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



रॉयल हाईट्स हायर सेकंडरी स्कूल में एक दिवसीय नवरात्रा पर्व का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय संस्कृति, सभ्यता संस्कारों के तहत डांडिया नाइट एवं रावण दहन आयोजित हुआ। इस आयोजन से बच्चों को भारतीय संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों की एक सशक्त झलक के साथ प्रेरणा दायक प्रस्तुतियां दी गई। जहां पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, बैंकिंग संस्थानों, मीडिया प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक शामिल होकर सराहना की।

शुरुआत माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष अनुसूया कुशवाह, पवन कुशवाहा, तहसीलदार आरपी सिंह गौड़, थाना प्रभारी रवि ठाकुर, प्रबंधक जीवन आसवानी एचडीएफसी देवकरण गुर्जर ने की। विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा रॉयल हाईट्स स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों की शिक्षा भी दे रहा है। यही वह आधार है जो बच्चों को पूर्ण व्यक्तित्व देता है और उन्हें समाज का जिम्मेदार नागरिक बनाता है।

संस्था संचालक रणधीर सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास है कि विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों से जोड़ा जाए, जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके। संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिंह स्टाफ परिवार की भूमिका रही। रावण दहन के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। ंग-बिरंगी आतिशबाजी और जयकारों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।डांडिया रास, गरबा, संगीत, और नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भारतीय लोक परंपरा से जोड़े रखा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

# नवरात्र में कहीं कन्या भोज कहीं चुनरी यात्रा तो कहीं गरबा

## आदिशक्ति की आराधना में रमे श्रद्धालु



**राजगढ़।** शारदेय नवरात्र में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व अन्य संस्थाओं द्वारा कईं तरह के धार्मिक आयोजन संपन्न करवाए जा रहे हैं। झांकी समितियों में जहां प्रतिदिन कहीं कन्या भोज तो कहीं भंडारा आयोजित हो रहा है। वहीं मनकामनेश्वर महादेव मंदिर महिला मंडल द्वारा भी प्रतिदिन भजन-कीर्तन, गरबा, चुनरी यात्रा, कन्या भोज जैसे कार्यक्रम आयोजित करवाए जा रहे हैं। महिला मंडल की मातृ-शक्तियों ने बताया कि नवरात्र के पूरे नौ दिवसों तक विविध प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम इत्यादि का आयोजन उनके द्वारा किया जा रहा है।

# जगह-जगह सजे मां के दरबार, दुर्गा पंडालों पर उमड़ रही भक्तों की भीड़

**सारंगपुर।** शारदीय नवरात्रि पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मां दुर्गा के दरबार सजे हुए हैं। जगह-जगह पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। मां के दरबार में शाम होते ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु मां के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। नगर के प्रमुख पंडालों को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया है, जहां माता रानी की आरती, भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भक्तों को आस्था और भक्ति से ओतप्रोत कर रहा है। शाम होते ही पंडालों की रौनक और बढ़ जाती है। नगर के गवलीवाडा में काली माता की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं तो भेरू दरवाजा और नेहरू बालोद्यान और बस स्टेंड में मां दुर्गा की प्रतिमाह भी लोगों का मन मोह रही हैं, वही महिलाएं और युवतियां पारंपरिक परिधान में माता की पूजा-अर्चना कर कन्या पूजन में भाग ले रही हैं।

# दशहरे के चल समारोह में नजर आएंगे रामायण के 45 विविध पात्र

## चल समारोह को रोचक बनाने परंपरा में आंशिक बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



आगामी विजयादशमी पर गत वर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित नवीन दशहरा ग्राउंड पर रावण दहन होने जा रहा है। इस बार दशहरे का पर्व राजगढ़ नगरवासियों के लिए कुछ अलग एवं खास भी होने जा रहा है। दशहरे के चल समारोह में रामायण के अलग-अलग पात्र जीवंत रूप में अपनी प्रस्तुतियां देंगे। हिन्दू उत्सव समिति ने बताया कि दशहरे के चल समारोह में 45 दिव्य पात्र सम्मिलित किए जा रहे हैं जिनमें भगवान राम-लक्ष्मण, हनुमान की झांकी सहित शिव-पार्वती, गणेश, महाकाली, भगवान जगन्नाथ का परिवार, ब्रहाजी, रावण-कुंभकरणों के पात्र सहित वानर सेना सहित अन्य शामिल होंगे। यात्रा और भव्य और दर्शकों के लिए रोचक व मनोरंजक बनाने पारंपरिक चल-समारोह की रूपरेखा में यह आंशिक फेरबदल किया जा रहा है।

### एलईडी स्क्रीन पर भी होगा प्रदर्शन

आयोजकों ने बताया कि आमजनों की सुविधा के दृष्टिगत दशहरे के उक्त चल-समारोह का प्रदर्शन विभिन्न स्थानों पर बड़ी एलईडी लगाकर करवाया जाएगा। दशहरा मैदान, बिरसा मुंडा चौराहा, पारायण समिति आदि स्थानों पर यह एलईडी स्क्रीन्स लगवाई जाएंगी।

### पारंपरिक वेशभूषा में साथ चलेंगे राजपूत समाजजन

दशहरे के चल-समारोह के साथ नगर व क्षेत्र के राजपूत समाजजन सामाजिक एवं पारंपरिक वेशभूषा में एकसाथ नजर आएंगे। समाज के सभी लोग एकसाथ चल-समारोह में सम्मिलित हों, इस संबंध में सोमवार दोपहर स्थानीय राजपूत बोर्डिंग में समाजजनों की एक आवश्यक बैठक भी आयोजित की गई।

## साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# टीएल बैठक : डीएसओ को नोटिस, बोड़ा सीएमओ की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



कलेक्टोरेट सभागार में सोमवार को समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के अद्यतन शिकायतकर्ता को चिन्हित कर जानकारी लोक सेवा प्रबंधक में भेजे।

बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन में संबल योजना की शिकायत का निराकरण न करने व शिकायत पर उचित जवाब प्रस्तुत न करने पर बोड़ा निकाय सीएमओ की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश कलेक्टर द्वारा प्रदान किए गए। उक्त शिकायत का 7 दिवस में निराकरण करने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा प्रदान किए गए। राजस्व रिकार्ड पंजी न मिलने कि शिकायत पर रिकार्ड रूम प्रभारी व तहसीलदार पचोर को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन कि शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करें। ई-ऑफिस में सभी विभाग प्रमुख जो फाइलें क्लोज होने लायक है, उन फाइलों को नस्तीबद्ध करते हुए बंद करें। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय (राजस्वा) अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देशित किया कि ई-ऑफिस की लॉगिन प्रतिदिन देखें और पेंडेसी का खात्मा करें। साथ ही कोर्ट में लंबित प्रकरणों का जवाब भी समय पर प्रस्तुत करें।

### प्रधानमंत्री सड़कों के आसपास से अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश

बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत निर्मित सड़कों के आसपास से 15 दिवस में अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी मंडी सचिवों को निर्देशित किया कि मण्डियों में किसानों के लिए भोजन, पानी एवं शौचालय आदि की व्यवस्था की जाए।